संख्या-18/2022/70ई/23-11-2022-1/1(38)/2019

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 25 जनवरी, 2022**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2021-22 में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का सुधार/सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी योजना के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-8479बी0जी0/7बी0-मांग ब्लैक स्पॉट/2021-22, दिनांक 12-01-2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का सुधार/सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य योजना के अधोलिखित तालिका में अंकित 05 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल रू0 228.41 लाख (रू0 दो करोड़ अट्ठाईस लाख इकतालिस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/ प्रावैधिक लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	नि0ख0-1 अलीगढ़	जनपद अलीगढ़ में राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग एवं महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्गो पर सड़क सुरक्षा कार्य के अन्तर्गत क्रैश बैरियर लगाने का कार्य।	485.83	388.66	**92.17**
2	नि0ख0 सीतापुर	जनपद सीतापुर में राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग एवं महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्गो पर सड़क सुरक्षा कार्य के अन्तर्गत टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर, रम्बल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर, स्टाप साइन बोर्ड, हजार्ड साइन बोर्ड, कॉशन साइन बोर्ड, जेब्रा क्रासिंग, क्रैश बैरियर, रिपीटेड बार आदि का कार्य।	136.85	109.48	**23.11**
3	नि0ख0-2 बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर में राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग एवं महत्वपूर्ण जिला मार्गो पर सड़क सुरक्षा कार्य के अन्तर्गत टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर, रम्बल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर, स्टॉप साईन बोर्ड, स्पीड लिमिट साईन बोर्ड, हजार्ड साईन बोर्ड, कॉशन साईन बोर्ड, जेब्रा क्रासिंग, ट्री प्लेट आदि का कार्य।	70.64	56.51	**14.00**
4	नि0ख0-4 (कु0मे0) प्रयागराज	जनपद प्रयागराज में राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग एवं महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्गो पर सड़क सुरक्षा कार्य के अन्तर्गत रम्बल स्ट्रिप स्पीड ब्रेकर, स्टॉप साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट साइन बोर्ड, हजार्ड साइन बोर्ड, शेवरन साइन बोर्ड, कॉशन साइन बोर्ड, जेब्रा क्रासिंग आदि का कार्य।	107.21	30.00	**61.13**
5	प्रा0ख0 गाजीपुर	जनपद गाजीपुर मे राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग एवं महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्गो पर सड़क सुरक्षा कार्य के अन्तर्गत रम्बल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर, स्टॉप साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट साइन बोर्ड, कॉशन साइन बोर्ड, एज लाइन, रिपीटेड बार आरि का कार्य।	61.84	16.00	**38.00**
		योग:-			228.41

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों

आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

2- प्रश्नगत कार्य पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-14-दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पाट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य-00-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-03/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22-03-2021 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या-18/2022/70ई(1)/23-11-2022-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
5- मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
6- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
8- वित्त व्यय (नियंत्रण) अनु0-8/वित्त आय-व्ययक अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
9- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
10- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
11- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
12- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
13- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in